राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

कुलपति समन्वय समिति की बैठक 7 फरवरी को

दो सत्रों में होगी बैठक

परीक्षा प्रणाली में सुधार व केन्द्रीय मूल्यांकन पद्वति पर होगी विस्तृत चर्चा

—

जयपुर, 31 जनवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार 7 फरवरी को राजभवन में प्रातः 11 बजे से कुलपति समन्वय समिति की बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपति भाग लेंगे। बैठक प्रातः 11 से 1.30 और अपरान्ह 2.30 से 5.30 बजे तक दो सत्रों में होगी।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र बैठक में विश्वविद्यालयों की परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने और परिणामों में शीघ्रता लाने के लिए केन्द्रीय मूल्यांकन पद्वति पर कुलपतियों से चर्चा करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र विश्वविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रमों के अद्यतन करने और बेवसाइट पर पाठ्यक्रम की समयावधि को प्रदर्शन करने पर भी कुलपतियों से विचार—विमर्श करेंगे।

बैठक में युवा शक्ति को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और विश्वविद्यालयों को राजभवन द्वारा जारी किये गये परिपत्रों की पालना रिपोर्ट पर चर्चा होगी।

— — —

राज्यपाल को गांधी—जयपुर सत्याग्रह पुस्तक भेंट

जयपुर, 31 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को शुक्रवार को यहां राजभवन में महानगर टाइम्स के प्रधान संपादक श्री गोपाल शर्मा ने अपनी नवीन कृति ''गांधी—जयपुर सत्याग्रह'' की प्रति भेंट की। राज्यपाल ने श्री शर्मा को इस रचनात्मक प्रयास के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल से शुक्रवार को यहां राजभवन में राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अरूण कुमार पुजारी, विद्या भारती संस्थान के श्री शिव प्रसाद व श्री सुरेश कुमार और मेजर जनरल अलोक ने मुलाकात की।
फोटो — 1

— — —

राज्यपाल जहाजपुर जायेंगे

जयपुर, 31 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शनिवार को प्रातः भीलवाड़ा जिले में स्थित जहाजपुर जायेंगे। श्री मिश्र जहाजपुर में श्री अतिशय क्षेत्र स्वस्तिधाम तीर्थ में आयोजित श्री मज्जिनेन्द्र 1008 मुनिसुव्रत नाथ जिनबिम्ब पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव और विश्वशांति महायज्ञ कार्यक्रम में भाग लेगे। राज्यपाल दोपहर में जयपुर लौट आयेंगे।

एनसीसी कैडटेस मिलेंगे — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में सांय दिल्ली में गणतन्त्र दिवस परेड में भाग लेकर आये एनसीसी कैडेट्स मिलेंगे।

मैराथन का शुभारम्भ करेंगे राज्यपाल — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र 2 फरवरी रविवार को प्रातः 7:30 बजे राम निवास बाग से मैराथन का शुभारम्भ करेंगे। इसका आयोजन संस्कृति युवा संस्था द्वारा किया जा रहा है।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्था